# सीएम ने नितिन नवीन को दिया मप्र आने का न्यौता

▸ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 मई**. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से सौजन्य मुलाकात की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन से मुलाकात में राष्ट्रीय, संगठनात्मक और विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन को मध्यप्रदेश आने का औपचारिक न्यौता भी दिया. उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को भी तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है और केंद्र तथा राज्य सरकार के समन्वय से जनता को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से भी मुलाकात की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधान को शिक्षा के क्षेत्र में मप्र की उपलब्धियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई शिक्षा नीति-2020 का उल्लेख करते हुए प्रधान को बताया कि मप्र में सर्वप्रथम नीति का क्रियान्वयन कर अग्रणी राज्यों में शामिल है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री प्रधान को बताया कि राज्य सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण सुधार, भारतीय ज्ञान परंपरा, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. उन्होंने बताया कि मॉडल के रूप में सांदीपनि विद्यालय जाने जाएंगे. आगामी माह में प्रधान मप्र आकर सांदीपनि विद्यालयों की व्यवस्थाओं को देखेंगे, साथ ही युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा के माध्यम से लाभान्वित करने और केन्द्र सरकार के साथ मिलकर कार्य करने के संबंध में चर्चा की जाएगी. केन्द्रीय मंत्री प्रधान 2 दिन के मप्र दौरे में युवाओं को आधुनिक दृष्टिकोण और समसामयिक विषयों के अनुसार दक्ष करने के संबंध में भी विचार-विमर्श करेंगे.

### पश्चिम बंगाल का अब होगा तीव्र विकास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पश्चिम बंगाल में विधायक दल के नए नेता सुवेंदु अधिकारी के चयन पर कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया है. आजादी के 75वें वर्ष में पश्चिम बंगाल में नागरिकों ने जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके अनुसार नई सरकार पश्चिम बंगाल की प्रगति सुनिश्चित करेगी. आने वाले समय में पश्चिम बंगाल तीव्र विकास करेगा और सुशासन और जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा. पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालने जा रहे सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में विकास का नया सूर्य उदित होगा.

# ओम जैन ने हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष का पदभार संभाला



**भोपाल, 8 मई. मप्र हाउसिंग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन ने अपना पदभार संभाल लिया है. जैन ने शुक्रवार को बोर्ड मुख्यालय पर्यावास भवन में मंडल के कार्यों की समीक्षा की. बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अध्यक्ष ओम जैन को बोर्ड के समस्त कार्यों और प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी.**

बैठक में चेयरमैन ओम जैन ने कहा कि मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिये ज्यादा से ज्यादा घर बनाने पर जोर दिया जाये. साथ ही बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों में भी एफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट को बढ़ाया जाये. बैठक के बाद ओम जैन ने हाउसिंग बोर्ड के निर्माणाधीन तुलसी ग्रीन्स प्रोजेक्ट की साइट विजिट की. प्रोजेक्ट की इंजीनियरिंग और क्वालिटी को लेकर उन्होंने बोर्ड के इंजीनियरों की तारीफ की. उन्होंने निर्देश दिये कि सभी प्रोजेक्ट में क्वालिटी और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाये.

# आयुष नेशनल एग्जिट टेस्ट 2030 में कराएं

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 8 मई भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत सत्र 2021-22 में प्रवेशित आयुष छात्रों के लिये नेशनल एग्जिट टेस्ट ( नेक्स्ट) मार्च 2027 में कराने का पत्र जारी किया गया है.**

आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने छात्रों पर अतिरिक्त दबाव न डालने की बात कहकर राष्ट्रीय परीक्षा को साल 2030 से कराने की मांग की है. एसोशिएशन का कहना है कि छात्र पहले ही नीट परीक्षा, यूजी डिग्री के दौरान तीन प्रॉफ में तीन परीक्षायें पास करेंगे. इसके तुरंत बाद ही नेक्स्ट परीक्षा का दवाब उचित नहीं होगा. एसोशिएशन के अनुसार आयुष छात्रों को यूजी डिग्री के पश्चात नेशनल एग्जिट टेस्ट पास करने के बाद ही प्रैक्टिस या पीजी में प्रवेश के लिये योग्य माना जाता है. ऐसे में दबाव में परीक्षा देना छात्रों के भविष्य के लिये ठीक नहीं होगा. एसोशिएशन का कहना है कि एमबीबीएस मेडिकल छात्रों का नेक्स्ट एग्जाम फिलहॉल स्थगित है लेकिन आयुष का नहीं, जिस कारण से मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार, पंजाब, हरियाणा, नईदिल्ली समेत देशभर के 2021-22 बैच के 50 हजार से ज्यादा छात्र प्रभावित हो रहे हैं.

**इनका कहना**

एनसीआईएसएम, एनसीएच आयोग व भारत सरकार पुन: विचार करके फिलहॉल नेशनल एग्जिट टेस्ट स्थगित कर 2030 से कराने का विचार करे तो छात्रहित में बेहतर कदम होगा.

**डॉ. राकेश पाण्डेय, राष्ट्रीय प्रवक्ता आयुष मेडिकल**

## निगम अमले ने पानी के 90 नमूने जांच के लिए भेजे

**भोपाल.** नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दलों ने शहर की झुग्गी बस्तियों सहित संपूर्ण शहर में पानी के 90 नमूने लिए. इन नमूनों में गंध, रंग, स्वाद, रेसिडुअल क्लोरीन, पीएच, टरबीडिटी व बैक्टेरिया की जांच 8 परीक्षण शालाओं से कराई जा जाएगी.

## जितेंद्र साहू संयुक्त सचिव नियुक्त



बैरसिया, 8 मई. मध्यप्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू की स्वीकृति से साहू महासभा के महासचिव अनिल कुमार साहू 'अकेला' ने जितेंद्र साहू ( डागा) को मप्र. तैलिक साहू सभा के संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त किया है. इस नियुक्ति पर जितेंद्र साहू का पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया. उन्हें मप्र .तैलिक साहू सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश साहू, दीपक साहू, वीरेंद्र साहू ( बिल्लू भैया ) पंकज साहू, अमित साहू (मंडी ) सुरेश साहू, हेमू साहू ने बधाई दी है.




## आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति पर चर्चा

**भोपाल, 8 मई.** जिला पंचायत में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति बैठक शुक्रवार को हुई.

बैठक में समिति सदस्यों द्वारा अस्पताल के स्टाफ को मरीजों के प्रति संवेदनशील होने, स्थानीय विभागीय बैठकों की जानकारी साझा करने , आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति के मुद्दों पर चर्चा की गई. बैठक में समिति के पदेन सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी साझा कर एचपीवी टीकाकरण में सहयोग के लिए आग्रह किया.

महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुनील सोलंकी ने मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, बाल कल्याण समिति की जानकारी साझा की.

# कैटरिंग के गोदाम में शार्ट सर्किट से लगी आग

**भोपाल. राजधानी के करोंद क्षेत्र में शुक्रवार शाम को कैटरिंग गोदाम में आग लग गई. यह कैटरिंग का गोदाम रहवासी क्षेत्र से संचालित हो रहा था. यहीं पर हेप्पी इंडियन गैस एजेंसी का गोदाम भी है.**

आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. जिस समय यह आग लगी उस वक्त गोदाम में 22 कमर्शियल गैस सिलेंडर रखे हुए थे. जिन्हें गोदाम से निगम के कर्मचारियो ने आनन-फानन में बाहर निकाला, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया. बताया जाता है कि इस गोदाम में लकड़ी और गद्दे रखे थे जिनमें अचानक आग लग गई.

गोदाम के अंदर से धुआं निकलते देख राहगीर पंकज यादव तुरंत अंदर पहुंचे. आगजनी की जानकारी लगते ही गांधी नगर और छोटा फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया.

# लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

▸ नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी शुरू की

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 8 मई. स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी नगर निगम ने शुरू कर दी है. शुक्रवार को निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने शहर में साफ-सफाई एवं सौन्दर्यीकरण कार्य किया. वहीं रंगोली, दीवार कला के साथ ही स्वच्छता के संदेश भी दीवारों पर लिख गए.**



इससे नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जा सके. इस दौरान कुछ स्थानों पर निगम अमले ने नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई. निगम अमले ने भोपाल शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने के लिए नागरिकों से स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग का आह्वान भी किया.


**CHANGE OF NAME**

Surname :
(SHAMIULLAH BDULLAH)
Given name :
(FATHIMA)
Name of father :
(SHAMIULLAH ABDULLAH)
(INDIAN NATIONAL)
Passport number :
(N4989169)
Issued at :
(Jeddah) on (25/03/2026)
To change his name as :
Given name :
(FATIMAH)
surname :
(SAMIULLA ABDULLAH)
(NEW NAME)
for all future purposes

**न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील कोलार, भोपाल**

**इश्तहार**

आवेदिका श्रीमती शालू गोयल आ. श्री विपिन गोयल निवासी- म.नं. 173, ई-4, अरेरा कॉलोनी, भोपाल द्वारा ग्राम शाहपुरा स्थित एक आवासीय मकान नं. ई-4/344, कुल क्षेत्रफल 223.04 वर्गमीटर का रजिस्टर्ड पंजीकृत विक्रय पत्र ई-पंजीयन क्र. आर 26022600343095 के आधार पर आवेदिका के नाम नामांतरण किए जाने का सुसंगत दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है. आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें. समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

**आज दिनांक ... को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया.**

सील **नजूल अधिकारी तहसील कोलार, भोपाल**

**बरकतउल्ला विश्वविद्यालय**
**होशंगाबाद रोड, भोपाल - 462026**
**Website : www.bubhopal.ac.in**
**क्रमांक : 4422/भण्डार/2026** **भोपाल, दिनांक : 05.05.2026**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में शैक्षणिक विभागों की लैब तथा छात्रावासों की गैस रिपेरिंग कार्य की प्रथम ई-निविदा क्रमांक 374/भण्डार/2026 दिनांक 30.04.2026 जारी की गई जिसमें निविदा प्रस्तुत करने की **अन्तिम दिनांक 21.05.2026 है।** निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी एम.पी. टेण्डर **https://mptenders.gov.in** तथा सामान्य जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेबसाइट **www.bubhopal.ac.in** पर भी उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/125702/2026 **कुलसचिव**

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**(A Govt. of M.P. Undertaking)**
**OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (O&M) DIVISION BHAIRUNDA**
**Nasrullaganj, Disst. Sehore, M.P., E-mail : eenasrullaganj99@gmail.com**
**No. : DGM/O&M/Veh./230** **Bhairunda, Dated : 07.05.2026**

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations :-

| Name of Unit/ Office | Particulars | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| DGM(O&M) Division Bhairunda | Type "Type E, Air-conditioned Jeep or equivalent Category MUV with min. engine capacity 1450 CC (For Petrol/Diesel) with Airbags and ABS" (As per Vehicle Policy) | 25.05.2026 Up to 03:30 pm | 25.05.2026 at 4:00 pm |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/125688/2026 **DGM (O&M)**

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**(A Govt. of M. P. Undertaking)**
**Office of The Dy. General Manager (City) Division, Kolar, B.D.A. Colony**
**33/11 KVA S/s Salaiya, Bhopal, E-mail : kolardivmpcz@gmail.com**

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited separate offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations :-

| TS. No. | Name of Unit/ Office | Particulars | Tender fees |
|---|---|---|---|
| Enquiry No.: 442 Kolar Dated 07.05.2026 | Misrod Zone Under City Division.Kolar. | Type F3, Mini Pickup-Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent, (For Single Shift) | Rs. 3000/- |
| Enquiry No.: 446 Kolar Dated 07.05.2026 | Danish Kunj Zone Under City Division Kolar. | Type F3, Mini Pickup-Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent, (For Single Shift) | Rs. 3000/- |
| Enquiry No. : 450 Kolar Dated 07.05.2026 | Bairagarh Chichli Zone Under City Division Kolar. | Type F3, Mini Pickup-Double cabin with ladder/Any Low-End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent, (For Single Shift) | Rs. 3000/- |

**Last Date of submission Tender :- 22.05.2026 up to 3:00 PM**
**Tender Opening Date & Time :- 22.05.2026 at 3:30 PM**
Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/125699/2026 **DGM (CITY) DIVISION KOLAR**

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
**पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003**
**फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, Website : www.mpstdc.com**
**क्रमांक 210/यांत्रिकी/पविनि/26** **दिनांक : 08.05.2026**

**निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.सू. क्र./सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1. | 171/2026_STDC_506119_1/ Construction of 05 AR, boundary, gate, renovation & toilet at Govt. HS Kadlawad Sarangpur block, Distt. Rajgarh completion month 14 | 199.27 |
| 2. | 172/2026_STDC_506120_1/ Construction of 05 AR, boundary, gate, renovation & toilet at Govt. HSS Bhyana Sarangpur block, Distt. Rajgarh completion month 12 | 159.04 |
| 3. | 173/2026_STDC_506121_1/ Construction of 02 AR, boundary, renovation & gate at Govt. HS Magrana Sarangpur block, Distt. Rajgarh. completion month 10 | 110.21 |
| 4. | 174/2026_STDC_506122_1/ Construction of 03 AR, boundary, renovation & toilet at Govt. HS Girls Sandawata, Sarangpur block, Distt. Rajgarh. completion month 10 | 107.03 |
| 5. | 175/2026_STDC_506124_1/ Construction of 03 AR, boundary, renovation & toilet at Govt. HS Panda, Sarangpur block, Distt. Rajgarh. completion month 10 | 95.30 |
| 6. | 176/2026_STDC_506125_1/ Construction of 03 AR, gate, renovation & toilet at Govt. HSS Dhamanda Sarangpur block, Distt. Rajgarh completion month 08 | 83.80 |
| 7. | 177/2026_STDC_506126_1/ Construction of 02 AR, boundary, gate & renovation at Govt. HS Harana Sarangpur block, Distt. Rajgarh. completion month 06 | 57.56 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 29.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 12.05.2026 से देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125696/2026 **कार्यपालन यंत्री**

**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
**भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA**
**खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS**
**(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)**
**(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)**
**(मानव संसाधन विभाग - II)**

ईस्ट गेट संख्या-10, जे. एन. स्टेडियम परिसर,
लोधी रोड, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003
East Gate. No. 10, J N Stadium Complex,
Lodhi Road, CGO Complex,
New Delhi-110003

01-04001(03)/11/2025-भर्ती प्रकोष्ठ/251 दिनांक: 10-04-2026

**संशोधन सूचना**

**विषय: भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर सहायक निदेशक (ओएल) के पद पर नियुक्ति के संबंध में।**

भारतीय खेल प्राधिकरण ( **SAI** ), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (**MYAS**) के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्था है तथा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है, प्रतिनियुक्ति आधार पर सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। विज्ञापन संख्या 01-04001(03)/11/2025-रिक्रूटमेंट सेल/183 दिनांक 25-02-2026 के क्रम में, सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 10-06-2026 (सायं 05:00 बजे तक) कर दिया गया है। अन्य सभी शर्तें एवं प्रावधान यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगे।

**उप निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग -II)**
**भारतीय खेल प्राधिकरण**

**CBC 47103/11/0008/2627**

**SPORTS AUTHORITY OF INDIA**
**भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA**
**खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS**
**(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)**
**(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)**
**(Human Resources Division -II)**
**(मानव संसाधन प्रभाग - II)**

Jawaharlal Nehru Stadium
Complex (East Gate-10)
Lodhi Road, New Delhi-110003

F.No. 01-04001(03)/1/2026 / 262 Date: 30-04-2026

**शुद्धिपत्र**

**भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक निदेशक के पद पर नियुक्ति के संबंध में— आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में 15 दिनों का विस्तार।**

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है तथा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है, द्वारा सहायक निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सम संख्या के विज्ञापन दिनांक 23.03.2026 के क्रम में, उक्त पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 15 दिनों के लिए बढ़ाया जाता है, अर्थात अब आवेदन दिनांक 15.05.2026 को सायं 05:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। विज्ञापन की अन्य सभी शर्तें एवं प्रावधान यथावत रहेंगे।

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन दिनांक 15.05.2026 तक या उससे पूर्व "निदेशक (HRD-II) का कार्यालय, कक्ष संख्या 210, द्वितीय तल, भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (गेट-10), लोधी रोड, नई दिल्ली-110003" में प्राप्त हो जाने चाहिए अथवा ई-मेल "recruitment.cell.sai@gov.in" पर प्रेषित किए जा सकते हैं। विस्तृत विवरण एवं आवेदन प्रपत्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की वेबसाइट www.yas.nic.in तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है।

**उप - निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग -II)**
**भारतीय खेल प्राधिकरण मुख्यालय**

**CBC 47103/11/0011/2627**

**GOODS AND SERVICES TAX NETWORK**
**Corporate Office: East Wing - 4th Floor, World Mark -1, Aero city, New Delhi - 110037 Tel: 011-49111200**
**www.gstn.org.in**

वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत, गैर-लाभकारी, 100% सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी है, जिसकी स्थापना मार्च 2013 में भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के कार्यान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों, करदाताओं और अन्य हितधारकों को आईटी बुनियादी ढांचा और सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई थी। जीएसटीएन (GSTN) जीएसटी अनुपालन के लिए साझा पोर्टल के विकास और संचालन के लिए जिम्मेदार है।

कंपनी नई दिल्ली में स्थित निम्नलिखित वरिष्ठ प्रबंधन पद पर नियुक्ति करना चाहती है। विस्तृत नौकरी विवरण और अन्य प्रासंगिक जानकारी के लिए कृपया देखें: https://gstn.org.in/gstn-openings

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष (वित्त)**

वरिष्ठ उपाध्यक्ष (वित्त) जीएसटीएन के लिए वित्तीय संसाधनों के प्रबंधन की देखरेख के लिए जिम्मेदार हैं। इस भूमिका में व्यक्ति सभी वैधानिक और नीतिगत आवश्यकताओं का पालन सुनिश्चित करेंगे, वित्तीय प्रबंधन और लेखांकन के सभी पहलुओं पर सतत निगरानी और रिपोर्टिंग करेंगे, और संगठन की अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति से संबंधित वित्तीय निर्णयों के लिए आवश्यक सुझाव प्रदान करेंगे।

**आयु:**

**i) आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक सेवारत सरकारी अधिकारियों की आयु 56 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए।**

**ii) निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अधिकतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए।**

**कार्य अनुभव:**

निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए: वित्तीय सेवाओं / सरकारी / पीएसयू क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आईटी लेनदेन प्रसंस्करण में विशेषज्ञता रखने वाले संगठन में न्यूनतम 15-18 वर्षों का कार्य अनुभव और इस अनुभव में कम से कम 5 वर्ष शीर्ष प्रबंधन टीम के सदस्य के रूप में होना चाहिए। उम्मीदवार के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीए (वित्त) की डिग्री या चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) की योग्यता होना अनिवार्य है।

**सरकारी और पीएसयू कर्मचारियों के लिए:** अखिल भारतीय सेवा / केंद्रीय सेवा / केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारी जिनके पास समूह ए स्तर में न्यूनतम 13 वर्ष का सेवा अनुभव हो और जो स्तर 13 पर समान पद धारण करते हैं या मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर स्तर 12 में पाँच वर्ष का अनुभव रखते हों।

**आवेदन करने के निर्देश :**

:निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए: एक कवर लेटर और अप-टू-डेट रिज्यूमे के साथ आवेदन careers@gstn.org.in पर, 8 जून 2026 तक भेजा जाना चाहिए।

सरकारी और पीएसयू कर्मचारियों के लिए: एक कवर लेटर और अप-टू-डेट रिज्यूमे के साथ आवेदन careers@gstn.org.in पर 8 जून 2026 तक भेजा जाना चाहिए। उम्मीदवार पर विचार करने के लिए कैडर क्लियरेंस, विजिलेंस क्लियरेंस और पिछले पांच साल के एपीआर के साथ उचित माध्यम से आवेदन किया जाना चाहिए। हालांकि, आवेदक द्वारा अग्रिम प्रति GSTN को careers@gstn.org.in पर भेजी जा सकती है।

**पूरी जानकारी के लिए, कृपया www.gstn.org.in के 'करियर सेक्शन' पर जाएं**

**CBC 15319/12/0009/2627**